सार-समाचार

मोशन एजुकेशन के नए कैंपस का उद्घाटन

कोटा, (निसं)। मोशन एजुकेशन की ओर से गुरुवार को इद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र में रोड़ नंबर दो पर आईआईटी-जेईई की तैयारी के लिए नए कैंपस द्रोणा-2 का उद्घाटन किया गया। चेयरमैन सुरेंद्र विजय और सुशीला विजय ने फीता काटकर समारोह की शुरुआत की। इससे पहले मोशन परिवार की ओर से श्रीराम और माँ सरस्वती की पूजा-वंदना की गई और हवन किया गया। मोशन एजुकेशन के संस्थापक और सीईओ नितिन विजय, निदेशक डॉ. स्वाति विजय, ज्वाइंट डायरेक्टर अमित वर्मा, रामरतन द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव, डॉ. आशीष माहेश्वरी, जीतेन्द्र चंदवानी, आशीष बाजपाई, ललित विजय और वाइस प्रेजिडेंट शिवप्रकाश विजय, अंकित लाहोटी उपस्थित थे। सभी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। नितिन विजय ने बताया कि मोशन लगातार अपना विस्तार कर रहा है। कोटा में फिलहाल 8 कैंपस में विद्यार्थी अध्ययन कर रहे है। द्रोणा-2 कैंपस में इंजीनियरिंग के छात्रों की क्लासेज संचालित होंगी, जिसमें हमारे सभी एक्सपर्ट्स फेकल्टीज के द्वारा जेईई और एडवांस के लिए सर्वोत्तम कोचिंग उपलब्ध करवाई जाएगी। कोचिंग एरिया में प्राइम लोकेशन होने के कारण विद्यार्थियों को आने-जाने में ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया की सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां पूरी है और हम कोटा में और अधिक छात्रों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

गारन्टी कार्ड का वितरण किया

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार कोटा उत्तर के क्षेत्र में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिऐं आयोजित किए जा रहे मंहगाई राहत शिविर एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण के शिविर आयोजन के तहत नगर निगम कोटा उत्तर के क्षेत्र में शुक्रवार से वार्ड नं. 8, 9, 21 व 34 के नागरिकों के लिए दो दिवसीय शिविरों का शुभारम्भ होगा। इन शिविरों में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आमजन के पंजीकरण किए जाएंगे व मौके पर ही गारंटी कार्ड जारी किए जाएंगे। कोटा उत्तर निगम के आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि दो व तीन जून को वार्ड वाईज आयोजित होने वाले दो दिवसीय शिविरों के तहत वार्ड नम्बर 8 व 9 के नागरिकों के लिए शिविर बाल विद्यालय में, वार्ड नं. 21 के नागरिकों के लिए शिविर सरकारी विद्यालय में तथा वार्ड नम्बर 34 के नागरिकों के लिए शिविर राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बृजराजपुरा (चित्तौड़ा का नोहरा) में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों का संचालन प्रात: 10 से सांय 6 बजे तक रहेगा।

संभागीय पर्यवेक्षक ने निरीक्षण किया

नैनवा (निसं)। नगर पालिका प्रशासन शहरों के संग अभियान कैंप का संभागीय पर्यवेक्षक आरडी मीणा ने निरीक्षण किया। कैंप के माध्यम से आमजन को दी जाने वाली राहत के संदर्भ में फीडबैक लिया इस संदर्भ में जानकारी देते हुए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के कोटा संभाग पर्यवेक्षक आर डी मीणा ने नगर पालिका में आयोजित किए जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षक आर डी मीणा ने बताया गया कि पूर्व निरीक्षण में नगर पालिका में 150 से अधिक पत्रावलीयां लम्बित थी लेकिन वर्तमान में पालिका में 18 पत्रावलीयां लम्बित है वर्तमान में पालिका की प्रगति को देखतें हुये। अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर को धन्यवाद दिया। अधिशाषी अधिकारी द्वारा यह बताये जानें पर की 8 ले-आउट प्लान व नामान्तरण से संबंधित पत्रावलीयां तहसीलदार नैनवॉ के स्तर पर लंम्बित है। पर्यवेक्षक मीणा द्वारा उपखण्ड अधिकारी शत्रुघ्न गुर्जर के नाम पत्र जारी कर संबंधित अधिकारीयों को पाबन्द करने हेतु मोबाईल पर उपखंड अधिकारी नैनवा से वार्ता की। साथ ही महंगाई राहत केम्प में आये हुये आमजन को केम्प में मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

दिनेश को महंगाई से राहत की आशा मिली

कोटा, (निसं)। महंगाई राहत शिविर में आमजन को 10 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आत्मसम्मान के साथ प्रदान किया जा रहा है। लोगों में योजनाओं का लाभ पाने के लिए भारी उत्साह है। कोटा के नयागांव इलाके में रहने वाले दिनेश जो पेशे से प्लंबर है अपनी पत्नी आशा के साथ अग्निशमन केंद्र के स्थाई महंगाई राहत शिविर में गऐं। जहां उन्हें कुल 5 योजनाओं का लाभ मिला। जिनमें मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना, मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा निशुल्क फूड पैकेट योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना शामिल है। दिनेश प्लंबर का काम करके महीने के 8 से 10 हज़ार रुपये कमा पाते हैं। दिनेश के दो छोटे बच्चे हैं जिनमें से एक स्कूल जाता है। दिनेश कहते हैं कि महंगाई के इस दौर में पूरे दिन मेहनत करने के बाद भी वह इतना नहीं कमा पाते कि अपने बच्चों की जरूरतें पूरी कर सकें। सरकार को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि महंगाई से मिली इस राहत से वह अपने बच्चों की पढ़ाई पर, किताबों पर खर्च कर उनके भविष्य को संवारेंगे।

नाबालिग बालक को उनके परिजनों को सुपुर्द किया

कोटा, (निसं)। राष्ट्र और उसके नागरिकों की सेवा में कोटा मंडल के रेल सुरक्षा बल समर्पण भावना के साथ कार्यरत है। साथ ही कर्तव्यनिष्ठा से रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान भी रखते हैं। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल कर्मी अपनी ड्यूटी पूरी तत्परता और सतर्कता के साथ निभा रहे है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कोटा पोस्ट ने ''ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते'' के तहत 30 मई को 10 वर्षीय बालक को सुरक्षित उनके परिजन को सुपुर्द किया। यह बूंदी निवासी नाबालिक बच्चा कोटा स्टेशन पर उपनिरीक्षक सूरज सिंह को ड्यूटी गस्त के दौरान कोटा स्टेशन के प्लेटफार्म सं 01 पर निराश्रित हालत में घूमता हुआ मिला जिसे चाईल्ड हैल्प लाईन कोटा को सूचित करते हुए दो पंचो के समक्ष सुपुर्दगीनामा तैयार कर सही सलामत सुपुर्द किया गया। इन कार्यो से रेल सुरक्षा बल के जवानों को जनता से बहुत सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलती है तथा उनका मनोबल बढ़ता है।

कोटा होकर जाने हल्दीघाटी एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़-रतलाम के मध्य आंशिक निरस्त

कोटा, (निसं)। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के चंदेरिया-नीमच सेक्शन में गार्डर कार्य के कारण कोटा होकर जाने वाली हल्दीघाटी एक्सप्रेस को आंशिक रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 19818 कोटा होकर यमुना ब्रिज आगरा से रतलाम को जाने हल्दीघाटी एक्सप्रेस 02 जून ,2023 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर चित्तौड़गढ़ तक ही जायेगी अर्थात यह गाड़ी चित्तौड़गढ़-रतलाम के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा ने बताया कि यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशनों, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव का झालावाड़ दौरा

झालावाड़ (निसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, सहप्रभारी राजस्थान विरेन्द्र सिंह राठौड़ तीन जून को झालावाड़ दौरे पर रहेंगे। वरिष्ठ प्रवक्ता मोहम्मद शफीक खान ने बताया कि राठौड संगठनात्मक एवं मिशन विधानसभा चुनाव-2023 को लेकर इन्द्रप्रस्थ होटल, झालावाड़ में दोपहर एक बजे जिला कांग्रेस कार्यकारिणी, पीसीसी सदस्य पदाधिकारी, अग्रिम संगठन, ब्लॉक, नगर, मण्डल के पदाधिकारी, जिला परिषद्, जनपद सदस्य निकाय चेयरमैन, प्रधान सहित प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।

फरार आरोपी गिरफ्तार

नैनवां (निसं)। थाना अधिकारी बुधराम जाट ने बताया कि एसपी जय यादव द्वारा अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने के संदर्भ में जारी किए गए दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए डीएसपी योगेश चौधरी के सुपरविजन में मुखबिर व सूचना तंत्र की सहायता से प्राप्त जानकारी के आधार पर अवैध खनन मामले में फरार चल रहे आरोपी कृष्णमुरारी पुत्र हीरालाल (36) निवासी मोडसा को गिरफ्तार किया।

मशीनों से नालों की सफाई जारी

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण में बरसाती नालों के सफाई कार्य का गुरूवार को महापौर राजीव अग्रवाल एवं कार्यवाहक आयुक्त राजेश डागा के द्वारा निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम आल्हाउदल पार्क के पास नाले में पिल्लर का अवरोध आने के कारण नाले में बरसाती पानी का प्रवाह अवरूद्ध होता है और बालाकुण्ड बस्ती से आने वाला बरसाती पानी जवाहर नगर नाले की तरफ जाने से जवाहर नगर में पानी भराव की स्थिति बनती है। महापौर राजीव अग्रवाल व कार्यवाहक आयुक्त राजेश डागा ने मौके पर कार्यवाहक अधिशाषी अभियंता कुरैशी एवं कनिष्ठ अभियंता भुवनेश नावरिया को नाले का कार्य शीघ्र करवाये जाने के निर्देश दिये। आल्हा-उदल पार्क के यहां नगर विकास न्यास द्वारा बनाये जा रहे नाला निर्माण के ठेकेदार को नाले का कार्य समय पर और नाले में इकट्ठा हो रहे मलवे को निकाले जाने के निर्देश दिया।

यही नाले में पिल्लर खड़े करके पानी के प्रवाह को रोकने के लिये संबंधित भवन मालिक को निर्देश दिया कि तत्काल नाले में बनाये पिल्लरो को हटा लेवे। आधे घंटे बाद ही नगर निगम की जेसीबी द्वारा नाले में बनाये जा रहे पिल्लरों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद महापौर राजीव अग्रवाल व कार्यवाहक आयुक्त राजेश डागा ने एयरपोर्ट के पीछे वाले नाले का निरीक्षण किया। इस नाले में इकट्ठा हो रहे मलवे को बरसात पूर्व ही निकाले जाने के निर्देश संबंधित को दिये गये।

महापौर राजीव अग्रवाल ने बताया कि अतिवृष्टि के दौरान हर वर्ष बरसात के पानी को एयरपोर्ट की दीवार तोड़कर निकाला जाता है, अगर उक्त नाले में से बरसात पूर्व कचरा/मलवा निकाल दिया जाये तो पानी भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। महापौर ने बताया कि बरसात का मौसम निकट है और इसको देखते हुऐं बरसाती नालो की सफाई प्राथमिकता है। इस दौरान कार्यवाहक अधिशाषी अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता साथ रहे।

महापौर राजीव अग्रवाल व कार्यवाहक आयुक्त राजेश डागा ने नालों की सफाई का जायजा लिया।

झालावाड़ संग्रहालय का स्थापना दिवस मनाया

झालावाड़ (निसं)। पर्यटन विकास समिति झालावाड़ द्वारा गुरूवार को स्थानीय संग्रहालय का 108वां स्थापना दिवस गढ़ भवन स्थित संग्रहालय परिसर में मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समिति अध्यक्ष दिनेश सक्सेना ने कहा कि संग्रहालय में प्रदर्शित नायाब कला धरोहरों का प्रदर्शन होर्डिंग के माध्यम से स्थानीय नगर परिषद् को करना चाहिए, जिससे आमलोगों को झालावाड़ की कला सम्पदा की जानकारी मिल सके। समिति संयोजक ओम पाठक ने कहा कि पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग को अब रैन बसेरे को अपने क्षेत्र में लेना चाहिये ताकि वह सुरक्षित रह सके। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रतिवर्ष 01 जून को स्थापना दिवस पर स्थानीय संग्रहालय को नि:शुल्क रखा जाये।

मुख्यवक्ता इतिहासकार ललित शर्मा ने कहा कि झालावाड़ का पुरातत्त्व संग्रहालय हाड़ौती का सबसे पुराना संग्रहालय है। स्थानीय नरेश भवानी सिंह ने 01 जून 1915 को इसे स्थापित किया था, उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में वर्तमान में 482 मूर्तियां, 10 शिलालेख, 291 चित्र, 2186 सिक्के, हस्तलिखित सचित्र ग्रन्थ-31, सहित 65 अस्त्र शस्त्र, 20 वस्त्र परिधान, 62 हाथी दांत की सामग्री व 40 शंख का संग्रह है। संग्रहालय में अर्द्धनारीश्वर, चामुण्डा नवग्रह की मूर्ति तथा अवतार चरित्र ग्रन्थ, भारत प्रसिद्ध कला धरोहर है। संगोष्ठी में सर्वेश्वरदत्त ने कहा कि संग्रहालय की कला सम्पदा का प्रचार प्रसार स्थानीय स्तर पर भी होना चाहिये।

छबड़ा में एबीवीपी का प्रदर्शन

छबड़ा (निसं)। एबीवीपी कार्यकर्ता ने कॉलेज रोड पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने एवं स्पीड ब्रेकर बनवाए जाने की मांग को लेकर गुरूवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। नगर मंत्री मयंक जांगिड ने बताया कि कॉलेज सडक छबडा शहर की शिक्षा की दृष्टि से विद्यार्थियों द्वारा बहुतायत में उपयोगित सडक है। क्षेत्र में स्थित तीनों महाविद्यालय स्ववित्तपोषित, राजकीय एवं कन्या महाविद्यालय एक ही सड़क पर स्थित है। इन महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत है। साथ ही, इस रोड़ से सभी कोचिंग संस्थान के छात्र आते-जाते है, क्योंकि इसी क्षेत्र में सर्वाधिक कोचिंग संस्थान भी है। इस सड़क से दिन भर छात्र गुजरते है, जिन्हे ऑवर स्पीडिंग गाड़ियों और ओवर लोडिंग वाहनों से दुर्घटना का खतरा बना रहता है तथा कुछ छात्र दुर्घटना का शिकार भी हुए है। छात्रसंघ अध्यक्ष रवि शर्मा के अनुसार इस रोड़ को शिक्षा की दृष्टि से उपयोगी समझकर यहां बेरीकेट और ब्रेकर की व्यवस्था की जाएं जिससे भारी वाहनों पर रोक और स्पीड पर नियंत्रण किया जा सके।

पीडब्लूडी संवेदक व सरकार के बीच समझौता हुआ

कोटा, (निसं)। यूनाईटेड कॉन्टेक्टर एसोसिएशन एवं सरकार के बीच समझौता हुआ।

वार्ता के पूर्व ऐसोसिएशन के जिला अध्यक्षों और संभाग प्रभारियों की मीटिंग हुई जिसमें बीएस राव, सुनील गर्ग, भूरा राम, बलदेव पनिया, गिरीश सिंघल, इन्द्र सिंह टाक, अंजन कुमार, किरोड़ी मोदी सीपी शर्मा, हरीश आहूजा, मनोज विजय, हरीश गर्ग, अर्पित शर्मा, रिन्कू, बद्री गोचर, ज्ञान जैन, महेश गहलोत, उस्मान खां, बाबू लाल सैनी, बंशी लाल अहीर, दिलीप अग्रवाल, रिषभ जैन सहित लगभग 70 संवेदकों ने अपने अपने विचार रख प्रदेश अध्यक्ष बीएस राव, सुनील गर्ग, इन्द्र सिंह टांक, भूरा राम एवं अंजन कुमार को वार्ता के लिए अधिकृत किया गया।

उसके उपरांत सभी अधिकृत सवेदकों द्वारा पहले मुख्य अभियंता संजीव माथुर से वार्ता के उपरांत प्रमुख सचिव वैभव गलेरिया से लगभग 2 घंटे वार्ता करने के बाद अन्त में विभागीय मंत्री

■ संवेदकों के कार्य करने से अब विकास को मिलेगी गति

भजन लाल जाटव से हुई वार्ता के बाद आन्दोलन वापस लेने पर सहमति बनी। यूनाइटेड कांट्रेक्टर एसोसिएशन राजस्थान के संभागीय अध्यक्ष एवं कोटा कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि वार्ता के दौरान कई मांगों पर सहमति बनी जिन्हें लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं होने अथवा कमजोर वाले स्थानों पर जीडब्लूएमएस साफ्टवेयर में वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है। इसके अतिरिक्त 18.07.2022 से जीएसटी दरों के बढ़ने (12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत) के कारण संवेदकों पर आए वित्तीय भार की क्षतिपूर्ति कराना।

समयावधि प्रकरण एवं अधिक्य मात्रा प्रकरणों को निम्न कार्यालय स्तर पर स्वीकृत करने की सक्षमता दिलवाना। प्रत्येक दर्जे (ए.बी.सी.डी) के संवेदकों को टेण्डर में भाग लेने की वर्तमान अधिकतम निविदा सक्षमता को बढ़वाना। सड़क कार्यों में सीआरसी, सिमेन्ट के बिल, स्टील के बिल व पाईप के बिल के लिए रिकॉर्ड संधारण प्रक्रिया पर पुनर्विचार कर सक्षम स्तर पर अनुमोदन प्राप्त कर समाधान किया जाएगा। जिन निविदाओं में स्वच्छ प्रतियोगिता की कमी पाई जाएगी, उनकी नियम 68 के तहत समीक्षा उपरान्त निर्णय लिया जाएगा।

कान्ट्रेक्टर ऐसोशिएशन के अध्यक्ष बी.एस राव पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने संवेदकों से बनी सहमति राज्य सरकार स्तर पर प्रेषित कर 30 दिवस के भीतर सक्षम स्तर पर अनुमोदन की दशा में समाधान करने का आश्वासन दिया गया एवं राज्य के सभी संवेदकों द्वारा टेण्डर बहिष्कार को तुरन्त समाप्त कर टेण्डरों में भाग लेने की सहमति दी गई। इसके बाद अब कार्यों को शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा ताकी प्रदेश के विकास को गति मिल सके।

'बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संस्कार शिविरों का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण'

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद माधव शाखा एवं अहिल्या शाखा द्वारा गुरूवार को तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ श्रीनाथपुरम स्थित रॉयल सीनियर सैकंडरी स्कूल पर प्रात: 7 बजे से दोपहर 11 बजे तक आयोजित हुआ।

भारत विकास परिषद माधव शाखा अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं अहिल्या शाखा अध्यक्ष अंजली शर्मा ने बताया बाल संस्कार शिविर शुभारंभ के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के संस्थापक सदस्य हरि प्रकाश सक्सेना थे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक ने की इस अवसर पर उपस्थित नन्हे-मुन्ने बच्चों को संबोधित करते हुए किशन पाठक में अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविर आज के समय मैं प्रासंगिक है जहां आधुनिक युग में बच्चों का ध्यान केवल किताबी शिक्षा पर होता है ऐसे में संस्कार शिविरों का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में मददगार सिद्ध होता है जिनके माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां बच्चों को सिखाई जाती हैं जिनसे उनका शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है भारत विकास परिषद की विभिन्न शाखाएं इस प्रकार के शिविर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कर रही हैं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरि प्रकाश सक्सेना ने भी बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किए, तीन दिवसीय बालसंस्कार शिविर प्रकल्प प्रभारी डॉक्टर शेफाली शर्मा ने बताया कि इस शिविर में बच्चों को योगिक क्रियाएं, सांस्कृतिक क्रियाएं, पारंपरिक नृत्य, खेलकूद, आर्ट एंड क्राफ्ट, रंगोली, सहित उनकी रूचि का प्रशिक्षण दिया जाएगा इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी।

न्यास ने अतिक्रमण हटाया

नगर विकास न्यास के द्वारा अतिक्रमण हटाकर सड़क बनवाई गई है।

कोटा, (निसं)। कुन्हाड़ी स्थित आदर्श नगर कॉलोनी के वासिंदों की 10 साल से चली आ रही आम रास्ते में अतिक्रमण की समस्या का गुरूवार को नगर विकास न्यास द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ ही डामरीकरण सड़क बनाकर स्थाई निराकरण किया।

स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर नगर विकास न्यास द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ ही मौके पर डामरीकरण सड़क बनाकर स्थानीय नागरिकों को संवेदनशील प्रशासन की भूमिका में कार्य करते हुए सपने को साकार किया।

स्थानीय नागरिकों द्वारा पिछले समय स्वायत्त शासन मंत्री को ज्ञापन देकर मुख्य सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी। नगर विकास न्यास द्वारा गुरूवार को प्रात: 6 बजे अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जिला कलक्टर के निर्देश पर नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट उप सचिव चंदन दुबे यूआईटी की जेसीबी एवं अतिक्रमण निरोधक दस्ते के साथ पहुंचकर आम रास्ते में बनी अवैध दिवार को हटाकर रास्ते को समतल करवाया तथा डामरीकरण करवाकर स्थानीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग का एक ही दिन में निराकरण करवाया।

कॉलोनी वासियों द्वारा न्यास की कार्यवाही की सराहना की अब सड़क निर्माण से आवागमन में इससे काफी सुविधा उपलब्ध होगी। उप सचिव चन्दन दूबे ने बताया कि आदर्श नगर कॉलोनी 2013 में नगर विकास न्यास द्वारा अनुमोदित की गई थी। खसरा नंबर 244, 245 एवं 246 ग्राम कुन्हाड़ी में स्थित यह कॉलोनी पूरी तरह बस चुकी है। सघन आबादी बसी हुई है और इसके लेआउट में 20 फुट चौडा अनुमोदित रोड़ मुख्य सड़क को जोड़ने का बना हुआ था।

कुछ अतिक्रमणयों द्वारा इस रोड पर दीवार बनाकर इस रोड़ को बनने नहीं दिया जा रहा था। कॉलोनी वासियों द्वारा समय-समय पर इस रास्ते को खुलवाने की मांग लगातार की जा रही थी।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान नगर विकास न्यास के पुलिस उपाधीक्षक आशीष भार्गव, पुलिस उपाधीक्षक व्रत शंकरलाल, उपाधीक्षक अमरसिंह, अधीक्षण अभियंता संदीप नागपाल, कुन्हाड़ी थानाधिकारी गंगासहाय, पुलिस निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, हंसराज मीणा, पुष्पेंद्र झांझरिया, जितेंद्र सिंह एवं पुलिस लाइन का जाब्ता एवं अतिक्रमण दस्ते का जाब्ता मौके पर मौजूद रहा।

खोया-पाया

नरेंद्र कुमार पुत्र चतुर्भुज शर्मा मकान न 833 महावीर नगर द्वितीय योजना का मूल आवंटन, कब्जा एवं मूल रजिस्ट्री एवं अन्य दस्तावेज मेरी माता जी शांति देवी के नाम के कही गुम हो गए है।

पश्चिम मध्य रेल्वे
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक
(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या E-66231279)

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, पश्चिम मध्य रेल कोटा, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदा आमंत्रित करते है । कोई भी व्यक्तिगत/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएगें । पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए www.ireps.gov.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है । **Sl.No.:** 01, **Tender No.:** E-66231279, **Short Description:** MANUAL METAL WELDING ELECTRODE IRS CLASS M-2, FORBOXN HL WAGON IS CODE E-19-9 LR-26 HEAVY COATED TOIRS M 28-12 WITH LATEST AMND SIZE 4MM DIA INTO 350mm LENGTH. The date of supply of the material should be within 60 days from the date of manufacture. **Tendered Qty.:** 13000 Kgs, **Opening date:** 30.06.2023, 12.30 Hrs., **Earnest Money:** 73510/-, **Estimated Value (INR):** 3675620/-.

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल्वे, कोटा

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

पश्चिम मध्य रेल्वे
खुली निविदा सूचना
सं. ईएल/50/एनआईटी/05 (2023-24) दिनांक: 29.05.2023

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है । **निविदा संख्या:** ईएल/50/143 आर/2023-24, **कार्य का नाम:** कोटा मंडल-भवानीमंडी (02 नग) और विक्रमगढ़ आलोट (02 नग) प्लेटफार्म-2 और प्लेटफार्म-1 पर लिफ्टों का प्रावधान । **अनुमानित लागत (रु.में):** 2,18,32,839.86, **बयाना राशि (रु.में):** 2,59,200/-, **कार्य समाप्ति अवधि:** 09 माह, **निविदा संख्या:** ईएल/50/144 आर/2023-24, **कार्य का नाम:** कोटा मंडल-कोटा में मंडल रेलवे अस्पताल और नागदा-मधुरा सेक्शन में स्टाफ क्वार्टरों की रिवायरिंग । **अनुमानित लागत (रु.में):** 89,40,224.15, **बयाना राशि (रु.में):** 1,78,800/-, **कार्य समाप्ति अवधि:** 06 माह, **निविदा संख्या 1 और 2 के लिए निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 22.06.2023 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे । ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किऐ जायेगें । निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिंग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल पर रजिस्टेड होना चाहिए । कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है । निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें ।

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य),
पश्चिम मध्य रेल्वे, कोटा

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-809 **विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-1.6.23

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना मुकुन्दरा विहार विस्तार का भूखंड/आवास संख्या 596 श्री अजय सिंह पुत्र श्री बना सिंह को आवंटन/नीलामी पत्र दिनांक 20.10.2015 के द्वारा आवंटन किया गया था। अत: उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्रीमती शान्ति बाई पत्नी श्री रुपचंद सुमन द्वारा नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड/आवास संख्या 596 योजना मुकुन्दरा विहार विस्तार की विक्रय स्वीकृति श्री अजय सिंह पुत्र श्री बना सिंह जर्ये मुख्तारआम श्रीमती शान्ति बाई पत्नी श्री रुपचंद सुमन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-741 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-19.5.23

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड/आवास संख्या 447 गणेश नगर आवास योजना में हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 12.05.2014 को श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री मुकेश शर्मा के नाम से हस्तान्तरण किया गया। आवंटी श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री मुकेश शर्मा द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री मनमीत कुमावत पुत्र स्व. श्री मदनलाल कुमावत के द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.02.2023 को श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्व. श्री मदनलाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 447 कार्नर योजना गणेश नगर आवास का नाम हस्तान्तरण श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्व. श्री मदनलाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कु.भू.रू./2023/298 **विज्ञप्ति** दिनांक:-01.06.2023

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम सकतपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना लैण्डमार्क सिटी ब्लॉक-एफ.जी.एच. खसरा नं. 38 में स्थित भूखंड संख्या एच-19 आवेदक/आवेदिका श्रीमती मधुबाला माहेश्वरी पत्नी स्व. श्री नरेश कुमार माहेश्वरी एवं श्री मनीष समदानी पुत्र श्री कैलाश चन्द समदानी द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 411 दिनांक 05.11.2014 को श्री मिथलेश लड्ढा पुत्र श्री कन्हैयालाल लड्ढा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 25.05.2015 को श्री नरेश कुमार माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री मुकुट बिहारी माहेश्वरी एवं श्री मनीष समदानी पुत्र श्री कैलाश चन्द समदानी को बैचान किया गया। जिसका नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 181 दिनांक 29.06.2016 को जारी किया गया। नाम हस्तान्तरी नरेश कुमार माहेश्वरी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 28.03.2017 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी श्रीमती मधुबाला माहेश्वरी, पुत्री पारुल माहेश्वरी, उत्कर्ष माहेश्वरी है। वारिसान पुत्री पारुल माहेश्वरी, उत्कर्ष माहेश्वरी द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 10.05.2022 को अपनी माता श्रीमती मधुबाला माहेश्वरी के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती मधुबाला माहेश्वरी पत्नी स्व. श्री नरेश कुमार माहेश्वरी एवं श्री मनीष समदानी पुत्र श्री कैलाश चन्द समदान